# करेंट अफेयर्स टुडे

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

## परीक्षण पुस्तिका

## सामान्य अध्ययन

## (फरवरी मैगज़ीन जाँच परीक्षा)

## दिनांक- 11.02.2018

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 200**

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्न आदि न हो। यदि ऐसा हो तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिये।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिये।**
3. इस पंक्ति के साथ में दिये गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिये गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिये गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिये केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिये गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिये गए निर्देश देख लें।
6. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर केवल उत्तर-पत्रक अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिये कुछ पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिये दंड:**
    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिये गए गलत उत्तरों के लिये दंड दिया जाएगा।**

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिये चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिये दिये गए एक गलत उत्तर के लिये प्रश्न हेतु नियत किये गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, चाहे दिये गए उत्तरों में से एक उत्तर सही हो, उस प्रश्न के लिये उपर्युक्तानुसार ही दंड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिये **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. विश्व वेद सम्मेलन का आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली में किया गया।
   2. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र की स्थापना 1987 में एक स्वायत्त संस्था के रूप में की गई।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

2. बिम्सटेक (BIMSTEC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक सहयोगात्मक संगठन है, जिसकी स्थापना जून 1997 में हुई थी।
   2. बिम्सटेक देशों में केवल चार देश भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश और थाईलैंड शामिल हैं।
   3. इसका स्थायी कार्यालय ढाका में स्थित है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

   (a) केवल 3 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. सारनाथ में भगवान बुद्ध की 'भूमि-स्पर्श मुद्रा' वाली प्रतिमा गुप्त काल में संबंधित है।
   2. बौद्ध भिक्षु पवरन समारोह के दौरान ही बौद्ध धर्म का प्रचार करते थे।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

4. माध्यमिक शून्यवाद का सिद्धांत निम्नलिखित में से किसके द्वारा दिया गया है?

   (a) रामानुज (b) शंकराचार्य
   (c) नागार्जुन (d) धन्वंतरि

5. जैन धर्म में मोक्ष से संबंधित 'संवर' शब्द निम्नलिखित में से किसके लिये प्रयुक्त किया जाता है?

   (a) जीव का कर्म की ओर आकर्षण
   (b) जीव का कर्म से मोहभंग
   (c) विद्यमान कर्म का क्षय हो जाना
   (d) इनमें से कोई नहीं

6. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:
   1. सुत्तपिटक - बुद्ध के उपदेश
   2. विनयपिटक - बौद्ध दर्शन
   3. अभिधम्मपिटक - संघ के नियम

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

7. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| | (दर्शन) | | (प्रतिपादक) |
|---|---|---|---|
| (a) | सांख्य | : | कपिल |
| (b) | योग | : | पतंजलि |
| (c) | न्याय | : | जैमिनी |
| (d) | वैशेषिक | : | कणाद |

8. ऋग्वैदिक युग से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. इस युग में नियोग प्रथा तथा बाल विवाह का प्रचलन नहीं था।
   2. समाज पितृसत्तात्मक था परंतु महिलाओं की स्थिति भी सम्मानजनक थी।
   3. इस काल में भूमि अनुदान की परंपरा नहीं थी।

   कूट:

   (a) केवल 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

9. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

   (a) बौद्ध धर्म ईश्वर और आत्मा में विश्वास नहीं करता है।
   (b) बौद्ध धर्म में पुनर्जन्म का संदर्भ चेतना से लिया जाता है।
   (c) बौद्ध धर्म में वर्णव्यवस्था की आलोचना की गई है।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

10. हाल ही में माउंट अगुंग ज्वालामुखी प्रस्फुटित हुआ। इस ज्वालामुखी की अवस्थिति निम्नलिखित में से कहाँ है?

    (a) हवाई द्वीप
    (b) चिली
    (c) इंडोनेशिया
    (d) अलास्का

11. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| | (नृत्य) | | (राज्य) |
|---|---|---|---|
| (a) | कूडियाट्टम | : | केरल |
| (b) | नौटंकी | : | उत्तर प्रदेश |
| (c) | तमाशा | : | महाराष्ट्र |
| (d) | जात्रा | : | जम्मू-कश्मीर |

12. अशोक के किस शिलालेख में कलिंग युद्ध का वर्णन किया गया था?

    (a) तेरहवें (b) साँतवें
    (c) चौदहवें (d) तीसरे


Copyright – Drishti The Vision Foundation

13. महाजनपद काल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह काल द्वितीय नगरीकरण के नाम से जाना जाता है।
   2. इस काल में लोहे के हथियारों के इस्तेमाल ने योद्धा-वर्ग की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बना दिया।
   3. 16 महाजनपदों में से एक 'अश्मक' महाजनपद गंगा नदी के किनारे अवस्थित था

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

14. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **(बौद्ध संगीति)** | | **(विशेषता)** |
|---|---|---|
| 1. प्रथम | : | बुद्ध के उपदेशों का संकलन |
| 2. द्वितीय | : | बौद्ध धर्म का विभाजन |
| 3. चतुर्थ | : | बौद्ध संघ में विभाजन |

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

15. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. वर्ष 1921 में दयाराम साहनी के नेतृत्व में हड़प्पा की खुदाई हुई।
   2. हड़प्पा सभ्यता नगरीय तथा काँस्ययुगीन सभ्यता थी।
   3. जॉन मार्शल ने इसे सिंधु सभ्यता का नाम दिया।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

16. निम्नलिखित में से किस प्रकार के साक्ष्य नवपाषाण काल से प्राप्त नहीं होते हैं?
   (a) स्थायी आवास (b) पशुपालन
   (c) व्यापार (d) कृषि

17. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
   (a) सैंधव सभ्यता का चन्हूदड़ो एकमात्र ऐसा स्थल है, जो कि दुर्गीकृत नहीं है।
   (b) सर्वाधिक हड़प्पाई स्थल गुजरात से प्राप्त हुए हैं।
   (c) सिंधु घाटी सभ्यता में मुहरें प्रचलित थीं जिनका उपयोग विनिमय के लिये होता था।
   (d) इनमें से कोई नहीं।

18. मध्यपाषाण काल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस काल में हुए जलवायु परिवर्तन के कारण जलवायु शुष्क व गर्म हो गई थी।
   2. उत्तर प्रदेश के महदहा से पुरुष-स्त्री को एक साथ दफनाने के साक्ष्य मिलते हैं।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

19. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I (साक्ष्य)** | **सूची-II (स्थान)** |
|---|---|
| A. गर्तावास | 1. कोल्डीहवा |
| B. कृषि | 2. चिरांद |
| C. हड्डी के औज़ार | 3. मेहरगढ़ |
| D. चावल | 4. बुर्जहोम |

   कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारत में आरंभिक पुरापाषाण काल का प्रथम साक्ष्य महाराष्ट्र के बोरी नामक स्थान से प्राप्त हुआ है।
   2. मध्यपाषाण काल से प्राप्त मानव कंकाल मानवीय युद्ध के साक्ष्य प्रस्तुत करते हैं।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:
   1. अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस - 5 नवंबर
   2. मानवाधिकार दिवस - 10 दिसंबर
   3. राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस - 14 जनवरी
   4. विश्व मृदा दिवस - 5 जुलाई

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?
   (a) केवल 2 (b) केवल 1 और 4
   (c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

22. यूनानी ग्रंथों में निम्नलिखित में से किसके लिये 'सेंडोकोटस' नाम का प्रयोग हुआ है?
   (a) बिंदुसार (b) अशोक
   (c) बृहद्रथ (d) चंद्रगुप्त मौर्य

23. वेलेजली की सहायक संधि के अनुरूप आश्रित सेना रखने वाला पहला राज्य कौन था?
   (a) कर्नाटक (b) मैसूर
   (c) हैदराबाद (d) बंगाल


Copyright – Drishti The Vision Foundation

24. पंचायती राज से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-से अनिवार्य उपबंध हैं?

1. SC, ST समुदाय को आरक्षण।
2. महिलाओं को 1/3 से अधिक आरक्षण।
3. पंचायतों को वित्तीय अधिकार सौंपना।
4. 5 वर्षों का कार्यकाल।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

25. अगस्त प्रस्ताव में निम्नलिखित में से कौन-सी मुख्य बातें शामिल थीं?

1. भारत को डोमिनियन स्टेट्स का दर्जा दिया जाएगा।
2. वायसराय की कार्यकारिणी में भारतीय सदस्यों की संख्या में वृद्धि की जाएगी।
3. द्वितीय विश्वयुद्ध समाप्त होते ही संविधान निर्मात्री परिषद का गठन किया जाएगा।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

26. 73वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. इस संशोधन के माध्यम से पंचायती राज को संवैधानिक दर्जा दिया गया।
2. इसके तहत संविधान में 12वीं अनुसूची भी जोड़ी गई, जिसमें पंचायतों के लिये निर्दिष्ट 29 विषयों की सूची दी गई है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

27. आई.पी.सी. की धारा 497 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह धारा व्यभिचार (Adultery) के आरोप हेतु प्रयुक्त होती है।
2. किसी वयस्क अविवाहित स्त्री से उसकी सहमति के साथ भी शारीरिक संबंध बनाना व्यभिचार माना जाता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

28. अंतर्राज्यीय परिषद के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. संविधान के अनुच्छेद-263 में इस परिषद के गठन की व्यवस्था की गई है।
2. गृहमंत्री इस परिषद का पदेन अध्यक्ष होता है।
3. इसका उद्देश्य केंद्र, राज्यों एवं केंद्र-शसित क्षेत्रों के मध्य समन्वय स्थापित करना है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

29. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I (स्थान)** | **सूची-II (नदी)** |
|---|---|
| A. मांडा | 1. हिंडन |
| B. आलमगीरपुर | 2. चिनाब |
| C. सुत्कागेंडोर | 3. दाश्क |
| D. दैमाबाद | 4. प्रवरा |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

30. निम्नलिखित में से कौन-सी सिंधु घाटी सभ्यता की विशेषताएँ हैं?

1. इसमें भवन ग्रिड पद्धति से बने थे।
2. भवन मुख्यत: पक्की ईंटों से निर्मित होते थे।
3. नगरों में नालियाँ सुव्यवस्थित थीं।

कूट:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

31. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I (पुरस्कार)** | **सूची-II (संबंधित व्यक्ति)** |
|---|---|
| A. साहित्य अकादमी पुरस्कार | 1. आनंद प्रकाश |
| B. व्यास सम्मान | 2. जॉय गोस्वामी |
| C. मूर्तिदेवी पुरस्कार | 3. ममता कालिया |
| D. भारत-भारती सम्मान | 4. रमेश कुंतल |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |


Copyright – Drishti The Vision Foundation

32. अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन हाट, 2017 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इस हाट का आयोजन यूनेस्को (UNESCO) के सहयोग से गंगटोक (सिक्किम) में किया गया।
    2. इसका उद्देश्य क्षेत्र में पर्यटन की संभावना को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार के सामने प्रस्तुत करना है।

    उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

33. त्योहारों का त्योहार के नाम से प्रसिद्ध हॉर्नबिल महोत्सव का आयोजन निम्नलिखित में से किस राज्य में किया गया?
    (a) असम (b) नागालैंड
    (c) मणिपुर (d) त्रिपुरा

34. यूनेस्को की 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की प्रतिनिधि सूची' में भारत के कौन-से धरोहर शामिल हैं?
    1. योग 2. कुंभ मेला
    3. कत्थक नृत्य 4. रामलीला

    कूट:
    (a) केवल 1 और 3 (b) केवल 1 और 4
    (c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

35. दर्पण परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इस परियोजना का शुभारंभ संचार मंत्रालय द्वारा किया गया है।
    2. इसके तहत बैंकिंग सेवाओं से वंचित ग्रामीण आबादी के वित्तीय समावेशन के लक्ष्य को हासिल करना है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

36. हाल ही में लोकसभा में पारित 'मुस्लिम वूमन प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स ऑन मैरिज बिल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह विधेयक त्वरित तलाक के कार्य को संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में रखता है।
    2. इस विधेयक का निर्माण अनुच्छेद 14 के समता के अधिकार को ध्यान में रखते हुए किया गया है।
    3. यह विधेयक कानून बन जाने के उपरांत जम्मू-कश्मीर राज्य पर भी लागू होगा।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    (a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
    (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

37. हाल ही में किस राज्य की विधानसभा ने शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में कापू समुदाय को आरक्षण प्रदान करने से संबंधित विधेयक पारित किया है?
    (a) कर्नाटक (b) मिज़ोरम
    (c) आंध्र प्रदेश (d) सिक्किम

38. राष्ट्रीय आयुष मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
    1. इस मिशन का उद्देश्य सभी के लिये सस्ती आयुष सेवाएँ उपलब्ध करना है।
    2. इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकारों को राजकोष से सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है।

    कूट:
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

39. हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय बहुपक्षीय समुद्री खोज और बचाव अभियान (IMMSAREX–2017) किस देश में संपन्न हुआ?
    (a) बांग्लादेश (b) नेपाल
    (c) पाकिस्तान (d) चीन

40. जलियाँवाला बाग हत्याकांड की जाँच हेतु हंटर कमीशन की नियुक्ति की गई। इस समिति में किन तीन भारतीयों को शामिल किया गया?
    1. चिमनलाल 2. मोतीलाल नेहरू
    3. सुल्तान अहमद 4. जगतनारायण

    कूट:
    (a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
    (c) केवल 1, 3 और 4 (d) केवल 1, 2 और 4

41. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
    (a) ज़मीन से हवा में मार करने वाली त्रिशूल मिसाइल कम ऊँचाई पर आक्रमण करने हेतु प्रसिद्ध है।
    (b) बराक-8 लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलरोधी रक्षा प्रणाली है।
    (c) ब्रह्मोस भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम के तहत विकसित क्रूज मिसाइल है।
    (d) इनमें से कोई नहीं।

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यू.एस.ए. और दक्षिण कोरिया की वायुसेनाओं के मध्य 'विजिलेंट ऐस' नामक संयुक्त युद्धाभ्यास का आयोजन किया गया।
    2. हावासोंग-15 चीन द्वारा निर्मित अब तक की सबसे शक्तिशाली इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

43. हाल ही में भारत के बेलागवी (कर्नाटक) में किन देशों के मध्य 'ईकुवेरिन, 2017' सैन्याभ्यास का आयोजन किया गया?

(a) भारत-म्याँमार (b) भारत-मालदीव

(c) भारत-थाईलैंड (d) भारत-श्रीलंका

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चक्रवातीय दशा में वायु का प्रवाह केंद्र से बाहर की ओर होता है।
2. अरब सागर में विकसित होने वाले उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की तीव्रता मई और नवंबर में सर्वाधिक होती है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

45. 'ट्यूरिअल प्रोजेक्ट' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) यह परियोजना मिज़ोरम में स्थापित सबसे बड़ी परियोजना है।

(b) इस परियोजना में ट्यूरिअल नदी पर गुरुत्वीय बांध बनाया गया है।

(c) 60 मेगावाट की यह परियोजना मिज़ोरम में केंद्र सरकार की पहली सफल परियोजना है।

(d) इनमें से कोई नहीं।

46. आकाश मिसाइल से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. ज़मीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल है।
2. इसे डी.आर.डी.ओ., भारत इलेक्ट्रिकल लिमिटेड और निजी क्षेत्र ने मिलकर तैयार किया है।
3. इसकी गति ध्वनि की गति से तीन गुनी अधिक है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

47. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) ने ठोस कचरे की समस्या का समाधान करने में सफल विश्व के पाँच शहरों में भारत के किस शहर को शामिल किया है?

(a) इंदौर (b) बंगलुरु

(c) अलाप्पुझा (d) चंडीगढ़

48. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य कर्क और मकर रेखा के मध्य उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित देशों को सौर ऊर्जा के उचित दोहन के लिये एक मंच पर लाना है।
2. इसका मुख्यालय गुरुग्राम (भारत) में बनाया जा रहा है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

49. हाल ही में किस देश के वैज्ञानिकों द्वारा विश्व के पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता से युक्त राजनीतिज्ञ का विकास किया गया है?

(a) न्यूजीलैंड (b) अमेरिका

(c) ब्रिट्रेन (d) भारत

50. ग्रैफीन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. ग्रैफीन कार्बन परमाणु का एक एल्लोट्रॉप (Allotrope) होता है।
2. हाल ही में साउथ कोरिया के वैज्ञानिकों ने तीव्र गति से चार्जिंग क्षमता से युक्त नई ग्रैफीन आधारित बैटरी सामग्री का विकास किया है।

कूट:

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

51. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | | |
|---|---|---|
| 1. नाग | : | दागो और भूल जाओ तकनीक पर आधारित टैंक रोधी मिसाइल। |
| 2. शौर्य | : | सतह-से-सतह पर मार करने वाली संवेदनशील बैलिस्टिक मिसाइल। |
| 3. सागरिका (K-15) | : | समुद्र के अंदर से छोड़ी जाने वाली परमाणु क्षमतासंपन्न बैलिस्टिक मिसाइल। |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3



Copyright – Drishti The Vision Foundation

52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. ट्रैकोमा आँखों में होने वाला एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है।
   2. ट्रैकोमा से नेत्र में पलकों के नीचे उपस्थित झिल्ली प्रभावित होती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसरो द्वारा सूर्य की गतिविधियों का अध्ययन करने वाला भारत का पहला सोलर मिशन 'आदित्य-एल 1' को 2020 तक प्रमोचित किये जाने की योजना है।
   2. वर्तमान में अंतरिक्ष में कोई भी सन इमेजिंग सैटेलाइट नहीं है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यजुर्वेद में ऋचाओं और कर्मकांडों का वर्णन है।
   2. सामवेद संहिता में ऋग्वेद सूक्तों को चुनकर गाने के लिये धुन में बांधा गया है।
   3. अथर्ववेद में विपत्तियों एवं व्याधियों के निराकरण के लिये तंत्र-मंत्र संगृहीत हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

55. भारतीय वन (संशोधन) अध्यादेश, 2017 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इससे गैर-वन क्षेत्र में उगाए गए बाँस को वृक्ष की परिभाषा के दायरे से बाहर रखा गया है।
   2. वर्गीकरण की दृष्टि से बाँस एक घास है।
   3. इससे गैर-वन क्षेत्रों में बाँस की खेती को बढ़ावा मिलेगा।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

56. 'वासेनार अरेंजमेंट' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा तथा उत्कृष्ट निर्यात नियंत्रण पर निगरानी रखने वाली संस्था है।
   2. इसका मुख्यालय वियना में है।
   3. भारत इसका सदस्य नहीं है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

57. मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (MTCR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक बहुपक्षीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्था है।
   2. यह आण्विक, जैविक व रासायनिक हथियारों से युक्त बैलिस्टिक प्रक्षेपास्त्रों के प्रसार को रोकने के लिये एक समझौता है।
   3. चीन और पाकिस्तान इसके सदस्य हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

58. निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम पाकिस्तान राज्य की परिकल्पना की थी?

   (a) इकबाल (b) मोहम्मद अली
   (c) रहमत अली (d) मुहम्मद अली जिन्ना

59. सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. इस बॉन्ड को बेचने पर किसी व्यक्ति को होने वाले पूंजीगत लाभ पर कर नहीं लगेगा।
   2. ये बॉन्ड आर.बी.आई. द्वारा जारी किये जाएंगे।
   3. इस बॉन्ड की परिपक्वता अवधि 8 वर्ष होगी।

   कूट:

   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

60. शुंग वंश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. पतंजलि के महाभाष्य से शुंग शासक पुष्यमित्र शुंग के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।
   2. इस काल में विदिशा राजनीति व संस्कृति का महत्त्वपूर्ण केंद्र बना।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस वंश का शासन क्षेत्र मुख्यत: महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक थे।
   2. इसकी स्थापना सिमुक ने की थी।
   3. इसकी राजकीय भाषा प्राकृत तथा लिपि ब्राह्मी थी।

   उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस वंश से संबंधित हैं?

   (a) कुषाण (b) सातवाहन
   (c) शुंग (d) शक


Copyright – Drishti The Vision Foundation

दृष्टि The Vision

62. 'हाल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. यह एक बड़ा कवि तथा विद्वानों का आश्रयदाता था।
   2. यह कुषाण वंश का शासक था।
   3. इसकी रचना गाथासप्तशती प्राकृत भाषा में है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

63. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | रचना | रचनाकार |
|---|---|---|
| 1. | वृहत्कथा | गुणाढ्य |
| 2. | कातंत्र | शर्ववर्मन |
| 3. | मालविकाग्निमित्रम | बाणभट्ट |

   उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित नहीं है/हैं?

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) के तहत सीमा पार 'व्यापार में सुगमता' सुनिश्चित करने पर बल दिया जाएगा।
   2. बुनियादी ढ़ाँचागत क्षेत्र में मौजूद कमियों को दूर करने के उद्देश्य से निर्यात के लिये व्यापार अवसंरचना योजना का शुभारंभ किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से असत्य है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

65. कनिष्क के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह बौद्ध धर्म की महायान शाखा का संरक्षक था।
   2. इसने उज्जैन में तृतीय बौद्ध संगीति का आयोजन किया था।
   3. कनिष्क की राजधानी पुरुषपुर थी।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

66. निम्नलिखित में से किसके शासनकाल में चीनी यात्री फाह्यान भारत आया था?

   (a) हर्षवर्धन (b) चंद्रगुप्त-I
   (c) चंद्रगुप्त-II (d) समुद्रगुप्त

67. गुप्तकालीन प्रशासन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस काल में अधिकारियों के पद वंशानुगत होने लगे थे तथा एक ही व्यक्ति को एक से अधिक पद दिये जाने लगे।
   2. सेनानायक को महाबलाधिकृत कहा जाता था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

68. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. रुद्रदामन ने सुदर्शन झील का पुनरुद्धार कराया था।
   2. मिलिंदपण्हो ग्रंथ में मिलिंद तथा नागसेन के बीच संवाद संकलित है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से असत्य है/है?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

69. मर्चेंट डिस्काउंट रेट से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   1. यह एक ऐसा शुल्क होता है, जो बैंक किसी भी दुकानदार/कारोबारी से कार्ड पेमेंट सेवा के लिये लेता है।
   2. इसकी दर RBI द्वारा तय की जाती है।

   कूट:

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

70. चंदेल वंश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इस वंश का संस्थापक परमर्दिदेव था।
   2. इसका राज्यक्षेत्र बुंदेलखंड था।
   3. प्रसिद्ध सेनापति आल्हा-ऊदल इसी वंश से संबंधित थे।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

71. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | रचनाकार | | रचना |
|---|---|---|---|
| 1. | जयानक | : | पृथ्वीराज विजय |
| 2. | चंदबरदाई | : | पृथ्वीराज रासो |
| 3. | लक्ष्मीधर | : | आल्हाखंड |
| 4. | श्रीहर्ष | : | नैषधचरित |


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
दूरभाष: 011-47532596, 8750187501 (+91) 8130392354, 8130392356
ई-मेल: helpline@groupdrishti.com, वेबसाइट: www.drishtiIAS.com
फेसबुक: https://www.facebook.com/drishtithevisionfoundation
Copyright – Drishti The Vision Foundation

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित नहीं है हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 4

72. निम्नलिखित में से किस अधिनियम के माध्यम से भारत में पहली बार मुसलमानों के लिये पृथक् निर्वाचक मंडल की व्यवस्था की गई?

(a) मार्ले-मिंटो सुधार, 1909

(b) भारत परिषद अधिनियम, 1892

(c) मांटेस्क्यू-चेम्सफोर्ड सुधार, 1919

(d) भारत परिषद अधिनियम, 1896

73. उष्णकटिबंधीय चक्रवात के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उष्णकटिबंधीय चक्रवात 'तापजनित' होते हैं।
2. इनका विकास महासागरीय सतह पर होता है, जिसका तापमान कम-से-कम 27ºC हो।
3. ये संघनन से निष्कासित गुप्त उष्मा से अपनी ऊर्जा प्राप्त करते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

74. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

1. राबर्ट क्लाइव - प्रांतीय स्तर पर द्वैध शासन प्रणाली की स्थापना
2. लॉर्ड कार्नवालिस - भारत में नागरिक सेवा के जनक
3. लॉर्ड विलियम बैंटिंक - दासप्रथा का उन्मूलन

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) केवल 2 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

75. भारत शासन अधिनियम, 1935 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके माध्यम से केंद्र स्तर पर द्वैध शासन प्रणाली स्थापित की गई।
2. इसके तहत विषयों को संघ सूची, राज्य सूची एवं समवर्ती सूची में विभक्त किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

76. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 1784 के पिट्स इंडिया एक्ट के द्वारा व्यापार सहित सभी मामले बोर्ड ऑफ कंट्रोल के अधीन कर दिये गए।
2. 1773 के रेग्युलेटिंग एक्ट के माध्यम से कलकत्ता में सुप्रीम कोर्ट की स्थापना हुई।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

77. हाल ही में किस देश ने पेट्रो (PETRO) नामक एक नई क्रिप्टोकरेंसी लॉन्च की है?

(a) ब्रिटेन (b) वेनेजुएला

(c) कुवैत (d) रूस

78. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) 1853 के चार्टर एक्ट के माध्यम से भारत में पहली बार विधानपरिषद की स्थापना की गई।

(b) चार्टर एक्ट, 1833 के तहत कार्यपालिका एवं विधायिका संबंधी शक्तियों का पृथक्करण किया गया।

(c) भारत परिषद अधिनियम, 1861 के तहत भारत में विभागीय प्रणाली की शुरुआत हुई थी।

(d) इनमें से कोई नहीं।

79. 1813 के चार्टर एक्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके तहत सिर्फ चीन एवं पूर्वी देशों के साथ चाय के व्यापार पर कंपनी के एकाधिकार को सुरक्षित रखा गया।
2. इसमें भारतीय शिक्षा एवं साहित्य पर प्रतिवर्ष एक लाख रुपए खर्च करने का प्रावधान किया गया।
3. इसके माध्यम से बंगाल का गवर्नर अब भारत का गवर्नर जनरल कहा जाने लगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 3 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

80. मार्ले-मिंटों सुधार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके तहत भारतीयों को विधि निर्माण तथा प्रशासन दोनों में प्रतिनिधित्व दिया गया।
2. इस अधिनियम के माध्यम से भारतीय सदस्यों को वायसराय की कार्यकारिणी परिषद में सम्मिलित किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

81. वन्य जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक बहुआयामी सांविधिक संस्था है जिसकी स्थापना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधीन की गई थी।
2. इस ब्यूरो का मुख्यालय चेन्नई में है।



Copyright – Drishti The Vision Foundation

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

82. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लॉर्ड लिटन द्वारा 1878 ई. में वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट लाया गया।
2. वुड डिस्पैच को भारतीय शिक्षा का मैग्नाकार्टा कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

83. निम्नलिखित में से किसके काल में भारत की राजधानी का कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरण किया गया?

(a) लॉर्ड हार्डिंग II (b) चेम्सफोर्ड

(c) लॉर्ड रीडिंग (d) लॉर्ड इरविन

84. निम्नलिखित घटनाओं को काल क्रमानुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिये:

1. लखनऊ अधिवेशन 2. चौरी-चौरा कांड
3. रौलेट एक्ट 4. सैडलर आयोग

कूट:

(a) 1-4-3-2 (b) 2-4-3-1

(c) 1-2-3-4 (d) 3-2-4-1

85. लॉर्ड इरविन के कार्यकाल में निम्नलिखित में से कौन-सी घटनाएँ घटित नहीं हुई थीं?

(a) साइमन कमीशन का आगमन

(b) कॉन्ग्रेस का लाहौर अधिवेशन

(c) प्रथम गोलमेज़ सम्मेलन

(d) स्वराज पार्टी की स्थापना।

86. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सुभाचंद्र बोस ने 1 मई, 1939 को फॉरवार्ड ब्लॉक की स्थापना की।
2. लॉर्ड लिटन के शासनकाल से नियमित जनगणना करवाई जाने लगी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

87. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. लॉर्ड वेवेल | 1. सांप्रदायिक पंचाट की घोषणा |
| B. लॉर्ड माउंटबेटन | 2. क्रिप्स मिशन |
| C. लॉर्ड लिनलिथगो | 3. शिमला समझौता |
| D. लॉर्ड वेलिंगटन | 4. 3 जून की भारत विभाजन योजना |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

88. इंडियन कोर्ट एक्ट के तहत बंबई, कलकत्ता एवं मद्रास में उच्च न्यायालय की स्थापना निम्नलिखित में से किस वायसराय के कार्यकाल में की गई?

(a) लॉर्ड कैनिंग (b) लॉर्ड एल्गिन

(c) लॉर्ड मेयो (d) लॉर्ड लिटन

89. निम्नलिखित वायसराय को उनके काल क्रम के अनुसार व्यवस्थित कीजिये:

1. लॉर्ड मेयो 2. लॉर्ड लैंसडाउन
3. लॉर्ड नार्थब्रुक 4. लॉर्ड चेम्सफोर्ड

कूट:

(a) 1-2-3-4 (b) 1-3-2-4

(c) 3-4-2-1 (d) 1-3-4-2

90. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(a) 1881 में प्रथम कारखाना अधिनियम लॉर्ड रिपन के समय पारित किया गया।

(b) लॉर्ड मेयो के शासनकाल में भारतीय पुरातत्त्व विभाग की स्थापना की गई।

(c) लॉर्ड डफरिन के कार्यकाल में सिविल सेवा में प्रवेश संबंधी आयु 19 से बढ़ाकर 21 कर दी गइ।।

(d) इनमें से कोई नहीं।

91. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. लॉर्ड कर्जन | 1. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस की स्थापना |
| B. लॉर्ड रिपन | 2. बहाबी आंदोलन का दमन |
| C. लॉर्ड एल्गिन | 3. अकाल आयोग का गठन |
| D. लॉर्ड डफरिन | 4. स्थानीय स्वशासन का प्रारंभ |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |



Copyright – Drishti The Vision Foundation

92. अलीगढ़ में मुस्लिम-एंग्लो प्राच्य महाविद्यालय की स्थापना निम्नलिखित में से किस वायसराय के कार्यकाल में हुई थी?
(a) लॉर्ड लिटन (b) लॉर्ड एलनबरो
(c) लॉर्ड वेलेजली (d) लॉर्ड बैंटिक

93. निम्नलिखित में से किस शासक को उसकी उदारता के कारण लाखबख्श कहा गया?
(a) इल्तुतमिश (b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) मुहम्मद-बिन-तुगलक (d) गयासुद्दीन तुगलक

94. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये:

| **सूची-I (स्थापत्य कला)** | **सूची-II (शासक)** |
|---|---|
| A. अढ़ाई दिन का झोपड़ा | 1. इल्तुतमिश |
| B. गंधक की बावली | 2. कुतुबुद्दीन ऐबक |
| C. अलाई दरवाज़ा | 3. मुहम्मद-बिन-तुगलक |
| D. निज़ामुद्दीन औलिया का मकबरा | 4. अलाउद्दीन खिलजी |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

95. प्रार्थना समाज की स्थापना निम्नलिखित में से किसके द्वारा की गई?
(a) आत्माराम पांडुरंग (b) महादेव गोविंद रानाडे
(c) दयानंद सरस्वती (d) रामकृष्ण परमहंस

96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. मुहम्मद-बिन-तुगलक ने पहली बार प्रतीकात्मक मुद्रा (Tokes Currency) जारी की।
2. मुहम्मद गोरी ने सर्वप्रथम सिक्कों पर कलमा खुदवाया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

97. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. गुजरात के कच्छ क्षेत्र में 1100 मेगावाट की पवन ऊर्जा इकाई स्थापित की जा रही है, जो एशिया की महत्त्वपूर्ण पवन ऊर्जा परियोजना है।
2. राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान गुजरात में स्थित है।

कूट:
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

98. निम्नलिखित में से किसके द्वारा 1866 ई. में लंदन में ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना की गई?
(a) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (b) दादा भाई नौरोजी
(c) ए.ओ. ह्यूम (d) बदरूद्दीन तैयब जी

99. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) 1875 ई. में ए.ओ. ह्यूम ने इंडियन लीग की स्थापना की।
(b) भारत में स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत बंगाल विभाजन के विरोधस्वरूप हुई।
(c) महाराष्ट्र में वी.डी. सावरकर ने अभिनव भारत नामक एक क्रांतिकारी संगठन का निर्माण किया।
(d) इनमें से कोई नहीं।

100. लखनऊ अधिवेशन 1916 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. इस अधिवेशन की अध्यक्षता अंबिका चरण मजूमदार ने की।
2. इसके तहत कॉन्ग्रेस ने पहली बार मुसलमानों के लिये पृथक् निर्वाचन की मांग को औपचारिक तौर पर स्वीकार किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2


Copyright – Drishti The Vision Foundation